भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1073**

उत्तर देने की तारीख-10/02/2025

**जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) का आधुनिकीकरण**

†1073. **श्री अरविंद धर्मापुरी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने संपूर्ण देश में जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) को में वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के लिए इनमें करने सुधार और इनके आधुनिकीकरण के लिए कोई कदम उठाया है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा तेलंगाना के विशेष संदर्भ में उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) के आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए कोई बजट स्वीकृत किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार द्वारा इस उद्देश्य के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) तेलंगाना के निज़ामाबाद में जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) की स्थापना के लिए स्वीकृत बजट का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) और (ख) तेलंगाना राज्य सहित देश भर में नवोदय विद्यालयों (नवि) के भवनों का उन्नयन/आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है। नवोदय विद्यालय समिति (नविस) से प्राप्त सूचना के अनुसार, नवोदय विद्यालय में सुधार और आधुनिकीकरण के लिए, नवोदय विद्यालय परिसर के निर्माण की विशिष्टताओं को उन्नत किया गया है। इसके अतिरिक्त, पीएम श्री योजना का उद्देश्य केंद्र सरकार/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित मौजूदा स्कूलों को सुदृढ़ करके नवि सहित 14500 से अधिक स्कूल स्थापित करना है। इन

स्कूलों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सभी पहलों को प्रदर्शित करना है और समय के साथ उदाहरणपरक स्कूल के रूप में उभरना है तथा पड़ोस के अन्य स्कूलों को नेतृत्व प्रदान करना है। यह योजना मौजूदा स्कूलों में बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं जैसे आईसीटी लैब्स, विज्ञान प्रयोगशालाओं, डिजिटल पुस्तकालयों, प्रयोगशाला उपकरणों, स्मार्ट कक्षाओं, एलईडी प्रकाश व्यवस्था आदि को और सुदृढ़ बनाने/सुधारने पर भी ध्यान केंद्रित करती है।

(ग) से (ङ) नवोदय विद्यालय समिति को प्रत्येक वर्ष तीन अलग-अलग लेखा शीर्षों अर्थात वेतन, सामान्य और पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के अंतर्गत नवोदय विद्यालय समितियों को खोलने और संचालन हेतु अनुदान के रूप में बजटीय सहायता प्रदान की जाती है। नविस को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/जिला/नवि-वार निधियां आवंटित नहीं की जाती है। विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान नविस को आवंटित निधियां निम्नानुसार है:

(रूपये करोड़ में)

| **वित्तीय वर्ष** | **आवंटित की गई निधियां** |
|---|---|
| 2021-22 | 3740.00 |
| 2022-23 | 4920.30 |
| 2023-24 | 5470.00 |
| 2024-25 | 5305.23 |

इसके अतिरिक्त, नवोदय विद्यालयों के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए वर्ष 2023-24 और 2024-25 में पीएम श्री योजना के अंतर्गत क्रमशः 260.72 करोड़ रुपये और 567.25 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

*****